कोककारी कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972

(1972 का अधिनियम संख्यांक 36)

[17 अगस्त, 1972]

लोहा तथा इस्पात उद्योग की बढ़ती हुई मांगों की पूर्ति के लिए आवश्यक कोककारी कोयला साधनों की सुरक्षा, संरक्षण और उनके वैज्ञानिक विकास की प्रोन्नति के प्रयोजनार्थ कोककारी कोयला खानों तथा कोक भट्टी संयंत्रों का पुनर्गठन और पुनर्निर्माण करने की दृष्टि से प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट कोककारी कोयला खानों के स्वामियों के अधिकार, हक और हित का और ऐसे कोक भट्टी संयंत्रों के जो उक्त कोककारी कोयला खानों में या उनके आसपास हैं, स्वामियों के अधिकार, हक और हित का अर्जन और अन्तरण करने के लिए और उनसे संबंधित या उनके आनुषंगिक विषयों के लिए उपबन्ध करने के लिए अधिनियम

भारत गणराज्य के तेईसवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम कोककारी कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 है ।

(2) धारा 30 और धारा 31 के उपबन्ध तुरन्त प्रवृत्त होंगे और इस अधिनियम के शेष उपबन्ध 1 मई, 1972 से प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे ।

2. राज्य की नीति के बारे में घोषणा—इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 39 के खण्ड (ख) में उल्लिखित तत्त्वों का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्य की नीति को प्रभावी करने के लिए है ।

स्पष्टीकरण—इस धारा में, "राज्य" का वही अर्थ है जो संविधान के अनुच्छेद 12 में है ।

3. परिभाषाएं—इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "नियत दिन" से 1 मई, 1972 अभिप्रेत है ।

(ख) "कोक भट्टी संयंत्र" से ऐसा संयंत्र और उपस्कर अभिप्रेत है जिससे हार्ड कोक का विनिर्माण किया जाता रहा है या किया जा रहा है और निम्नलिखित इसके अन्तर्गत आते हैं, अर्थात् :—

(i) कोक भट्टी संयंत्र की, या उसमें की सब भूमि, भवन, संकर्म, मशीनरी और उपस्कर, यान, रेल, ट्राम और साइडिंग ;

(ii) कोक भट्टी संयंत्र की सब कर्मशालाएं जिनके अन्तर्गत ऐसी कर्मशालाओं के भवन, मशीनरी, उपकरण, भण्डार, उपस्कर और वे भूमि भी हैं जिन पर ऐसी कर्मशालाएं हैं ;

(iii) कोक भट्टी संयंत्र के स्टाक में या उसके उत्पादनाधीन सब कोक और अन्य भण्डार, स्टाक और उपकरण ;

(iv) कोक भट्टी संयंत्र के या उस कोक भट्टी संयंत्र या कई कोक भट्टी संयंत्रों के कार्यकरण के प्रयोजनार्थ विद्युत प्रदाय के लिए चलाए जाने वाले सब विद्युत केन्द्र ;

(v) उस कोक भट्टी संयंत्र की सब भूमि, भवन और उपस्कर जहां कोयले की धुलाई की जाती है ;

(vi) कोक भट्टी संयंत्र की सब अन्य, जंगम या स्थावर, स्थिर आस्तियां और चालू आस्तियां चाहे वे उसके परिसर के भीतर हों या बाहर ।

[1][**स्पष्टीकरण**—"चालू आस्तियां" पद के अन्तर्गत निम्नलिखित नहीं हैं,—

(क) नियत दिन के पूर्व किसी भी समय विक्रय किए गए कोयले और कोयला उत्पादों के बाबत शोध्य और उक्त दिन के ठीक पूर्व बकाया रकमें ;

(ख) नियत दिन के पूर्व किसी अवधि की बाबत कोल माइन्स (कन्जर्वेशन, सेफ्टी एण्ड डेवेलपमेंट) ऐक्ट, 1952 (1952 का 19) के निरसन के पूर्व उक्त अधिनियम की धारा 4 के अधीन स्थापित कोयला बोर्ड से शोध्य रकमें ;

(ग) अन्यान्य ऋणियों से शोध्य रकमें, अन्य पक्षकारों को दिए गए उधार और अग्रिम धन और ऐसे विनिधान जो कोक भट्टी संयंत्र में विनिधान नहीं हैं ;

(घ) संविदाओं को पूरा करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त कोयला नियंत्रक के पास या रेल विभाग के पास या बिलों के संदाय के लिए राज्य विद्युत बोर्ड के पास स्वामियों द्वारा किए गए प्रतिभूति निक्षेप ;

(ङ) संविदाएं प्राप्त करने के लिए रेल विभाग के पास स्वामियों द्वारा जमा किया गया अग्रिम धन ;]

(ग) "कोककारी कोयला खान" से ऐसी कोयला खान अभिप्रेत है जिसमें कोककारी कोयले के एक या अधिक संस्तर विद्यमान हैं, चाहे वे अनन्यत: हों या अन्य कोयले के किसी संस्तर के अतिरिक्त हों ;

(घ) "कम्पनी" से कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 3 में यथापरिभाषित कम्पनी अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उस अधिनियम की धारा 591 के अर्थ में विदेशी कम्पनी भी है ;

(ङ) "आयुक्त" से धारा 20 के अधीन नियुक्त संदाय आयुक्त अभिप्रेत है ;

(च) "अभिरक्षक" से कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का प्रबन्ध ग्रहण करने या चलाने के लिए धारा 14 की उपधारा (2) के अधीन नियुक्त अभिरक्षक अभिप्रेत है ;

(छ) "अनुमति की तारीख" से वह तारीख अभिप्रेत है जिसको राष्ट्रपति इस अधिनियम को अनुमति प्रदान करे ;

(ज) "सरकारी कम्पनी" का वही अर्थ है जो उसका कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 617 में है ;

(झ) "प्रबन्धकारी ठेकेदार" से ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय अभिप्रेत है जिसने राज्य सरकार की लिखित पूर्व सहमति से किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी के साथ, कोई ऐसा ठहराव, संविदा या व्यवस्था की है, जिसके अधीन कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र की संक्रियाएं ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय द्वारा पर्याप्त रूप से नियंत्रित की जाती हैं ;

(ञ) "खान" से कोई ऐसा उत्खात अभिप्रेत है जहां खनिजों की तलाशी या अभिप्राप्ति के प्रयोजन के लिए कोई संक्रिया चलाई जाती रही है या चलाई जा रही है और निम्नलिखित इसके अन्तर्गत आते हैं, अर्थात् :—

(i) सब बोरिंग और बोर-छिद्र ;

(ii) खान के पार्श्वस्थ, और उसके या खान में के सब कूपक, चाहे वे गलाए जा रहे हों या नहीं ;

(iii) अनुखनन के अनुक्रम में सब समतलिकाएं और आनत समपथ ;

(iv) सब विवृत्त खनित ;

(v) खनिजों या अन्य वस्तुओं को खान में लाने या वहां से हटाने या वहां से कचरा हटाने के लिए उपबन्धित सब प्रवहणियां या आकाशी रज्जू-मार्ग ;

(vi) खान की या उसमें की या उसके आसपास की सब भूमि, भवन, संकर्म, एडिट, समतलिकाएं, समपथ, मशीनरी और उपस्कर, यान, रेल, ट्रामवे और साइडिंग ;

(vii) खान की या उसमें की सब कर्मशालाएं जिनके अन्तर्गत ऐसी कर्मशालाओं के भवन, मशीनरी, उपकरण, भण्डार, उपस्कर और वे भूमि भी हैं जिन पर ऐसी कर्मशालाएं हैं ;

(viii) खान के या उसमें के स्टाक में या अभिवहन में या उत्पादनाधीन सब कोयला और अन्य भण्डार, स्टाक और उपकरण ;

---

[1] 1978 के अधिनियम सं० 22 की धारा 2 (i) द्वारा प्रतिस्थापित ।

(ix) खान के या उसमें के अथवा उस खान या कई खानों के कार्यकारण के प्रयोजनार्थ विद्युत प्रदाय के लिए चलाए जाने वाले सब विद्युत केन्द्र ;

(x) खान की या उसमें की सब भूमि, भवन और उपस्कर जहां कोयले की धुलाई या कोक का विनिर्माण किया जाता है ;

(xi) खान की सब अन्य, जंगम या स्थावर, स्थिर आस्तियां और चालू आस्तियां, चाहे वे उसके परिसर के भीतर हों या बाहर ।

[1][**स्पष्टीकरण**—"चालू आस्तियां" पद के अन्तर्गत निम्नलिखित नहीं हैं,—

(क) नियत दिन के पूर्व किसी भी समय विक्रय किए गए कोयले और कोयला उत्पादों की बाबत शोध्य और उक्त दिन के ठीक पूर्व बकाया रकमें ;

(ख) नियत दिन के पूर्व किसी अवधि की बाबत कोल माइन्स (कन्जर्वेशन, सेफ्टी एण्ड डवेलपमेंट) ऐक्ट, 1952 (1952 का 19) के निरसन के पूर्व उक्त अधिनियम की धारा 4 के अधीन स्थापित कोयला बोर्ड से शोश्य रकमें ;

(ग) अन्यान्य ऋणियों से शोध्य रकमें, अन्य पक्षकारों को दिए गए उधार और अग्रिम धन और ऐसे विनिधान जो कोककारी कोयला खान में विनिधान नहीं हैं ;

(घ) संविदाओं को पूरा करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त कोयला नियंत्रक के पास या रेल विभाग के पास या बिलों के संदाय के लिए राज्य विद्युत बोर्ड के पास स्वामियों द्वारा किए गए प्रतिभूति निक्षेप ;

(ङ) संविदाएं प्राप्त करने के लिए रेल विभाग के पास स्वामियों द्वारा जमा किया गया अग्रिम धन ;]

(ट) "खनिज रियायत नियम" से तत्समय प्रवृत्त वे नियम अभिप्रेत हैं जो खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) के अधीन बनाए गए हैं ;

(ठ) "खनन कम्पनी" से कोककारी कोयला खान पर स्वामित्व रखने वाली कम्पनी, और कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 591 अर्थ में किसी विदेशी कम्पनी के सम्बन्ध में भारत में उस कम्पनी का उपक्रम, अभिप्रेत है ;

(ड) "अधिसूचना" से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है ;

(ढ) "स्वामी"—

(i) का, जब वह खान के सम्बन्ध में प्रयुक्त हुआ है, वही अर्थ है जो उसका खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) में है,

(ii) से, जब वह कोक भट्टी संयंत्र के सम्बन्ध में प्रयुक्त हुआ है, कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो कोक भट्टी संयंत्र या उसके किसी भाग का अव्यवहित स्वत्वधारी या पट्टेदार या अधिष्ठाता है या कोक भट्टी संयंत्र या उसके किसी भाग के कार्यकरण का ठेकेदार है ;

(ण) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है ;

(त) "अनुसूचित बैंक" से भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की द्वितीय अनुसूची में तत्समय सम्मिलित बैंक अभिप्रेत है ;

(थ) "विनिर्दिष्ट तारीख" से वह तारीख अभिप्रेत है जिसे केन्द्रीय सरकार, इस अधिनियम के किसी उपबन्ध के प्रयोजन के लिए, अधिसूचना द्वारा, विनिर्दिष्ट करे और इस अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के लिए विभिन्न तारीखें विनिर्दिष्ट की जा सकती हैं ;

(द) जो शब्द और पद इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं है किन्तु कोयला खान (संरक्षण, सुरक्षा और विकास) अधिनियम, 1952 (1952 का 12) में परिभाषित हैं उनके वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं ;

(ध) जो शब्द और पद इसमें प्रयुक्त हैं और इस अधिनियम में या कोयला खान (संरक्षण, सुरक्षा और विकास) अधिनियम, 1952 (1592 का 12) में परिभाषित नहीं हैं किन्तु खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) में परिभाषित हैं उनके वही अर्थ होंगे जो खान अधिनियम, 1952 में हैं ।

[1] 1978 के अधिनियम सं० 22 की धारा 2 (ii) द्वारा प्रतिस्थापित ।

अध्याय 2

कोककारी कोयला खानों और कोक भट्टी संयंत्रों के स्वामियों के अधिकारों का अर्जन

4. कोककारी कोयला खानों में अधिकारों का अर्जन—(1) नियत दिन को, प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट कोककारी कोयला खानों के सम्बन्ध में स्वामियों के अधिकार, हक और हित सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार को अन्तरित हो जाएंगे और उसमें पूर्ण रूप से निहित हो जाएंगे ।

[1]* * * * *

[2][(3) यदि नियत दिन के पश्चात् केन्द्रीय सरकार का, किसी प्राप्त जानकारी के आधार पर अथवा अन्यथा, यह समाधान हो जाता है कि प्रथम अनुसूची में अन्तर्विष्ट किसी कोककारी कोयला खान की विशिष्टियों के अथवा ऐसी किसी कोककारी कोयला खान के स्वामी के नाम और पते के संबंध में कोई गलती, लोप या गलत वर्णन हो गया है तो वह, अधिसूचना द्वारा, ऐसी गलती, लोप या गलत वर्णन को शुद्ध कर सकेगी और ऐसी अधिसूचना के जारी हो जाने पर, प्रथम अनुसूची की सुसंगत प्रविष्टियां तद्नुसार शुद्ध की जाएंगी और सदैव से शुद्ध की गई समझी जाएंगी :

परन्तु यदि किसी कोककारी कोयला खान के स्वामित्व के संबंध में कोई विवाद है तो ऐसे स्वामित्व के संबंध में ऐसी कोई शुद्धि नहीं की जाएगी ।]

5. कोक भट्टी संयंत्रों के स्वामियों के अधिकारों का अर्जन किसी—[3][(1)] नियत दिन को, द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्येक कोक भट्टी संयंत्र के जो ऐसे कोक भट्टी संयंत्र हैं जो प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट कोककारी कोयला खानों में या उनके आसपास स्थित हैं, स्वामियों के अधिकार, हक और हित सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार को अन्तरित हो जाएंगे और उसमें पूर्ण रूप से निहित हो जाएंगे ।

[4][(2) यदि नियत दिन के पश्चात् केन्द्रीय सरकार का, किसी प्राप्त जानकारी के आधार पर अथवा अन्यथा, यह समाधान हो जाता है कि द्वितीय अनुसूची में अन्तर्विष्ट किसी कोक भट्टी संयंत्र की विशिष्टियों के अथवा ऐसी किसी कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी के नाम और पते के संबंध में कोई गलती, लोप या गलत वर्णन हो गया है तो वह, अधिसूचना द्वारा, ऐसी गलती, लोप या गलत वर्णन को शुद्ध कर सकेगी और ऐसी अधिसूचना के जारी हो जाने पर, द्वितीय अनुसूची की सुसंगत प्रविष्टियां तद्नुसार शुद्ध की जाएंगी और सदैव से शुद्ध की गई समझी जाएंगी :

परन्तु यदि किसी कोक भट्टी संयंत्र के स्वामित्व के संबंध में कोई विवाद है तो ऐसे स्वामित्व के संबंध में ऐसी कोई शुद्धि नहीं की जाएगी ।]

6. केन्द्रीय सरकार का राज्य सरकार का पट्टेदार होना—(1) जहां किसी राज्य सरकार या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी कोककारी कोयला खान के संबंध में अनुदत्त या अनुदत्त समझे गए किसी खनन पट्टे के अधीन किसी स्वामी के अधिकार, धारा 4 के अधीन केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाते हैं, वहां केन्द्रीय सरकार, ऐसे निहित होने की तारीख से ऐसी कोककारी कोयला खान के संबंध में, यथास्थिति, राज्य सरकार या ऐसे अन्य व्यक्ति की पट्टेदार हुई समझी जाएगी मानो ऐसी कोककारी कोयला खान के [5][संबंध में नया खनन पट्टा,] खनिज रियायत नियमों के अधीन केन्द्रीय सरकार को दिया गया था और ऐसे पट्टे की अवधि [5][वह अधिकतम अवधि होगी] जिसके लिए ऐसा पट्टा राज्य सरकार या ऐसे अन्य व्यक्ति द्वारा उन नियमों के अधीन दिया जा सकता था और तब, ऐसे खनन पट्टे के अधीन सभी अधिकार, जिनके अन्तर्गत पट्टेदार को दिए गए सतह पर के, भू-तल के नीचे के और अन्य अधिकार भी हैं, केन्द्रीय सरकार को अन्तरित और उसमें निहित हुए समझे जाएंगे ।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी पट्टे की अवधि की समाप्ति पर, यदि केन्द्रीय सरकार चाहे तो, उस पट्टे का [6]*** पट्टाकर्ता द्वारा उस अधिकतम अवधि के लिए जिसके लिए ऐसे पट्टे का खनिज रियायत नियमों के अधीन नवीकरण किया जा सकता है, नवीकरण किया जाएगा ।

7. अधिकारों को सरकारी कंपनी में निहित करने का निदेश देने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति—(1) धारा 4 से 6 (जिनमें ये दोनों धाराएं सम्मिलित हैं) में किसी बात के होते हुए भी, यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाता है कि कोई सरकारी कंपनी ऐसे निबन्धनों और शर्तों का जिन्हें अधिरोपित करना वह सरकार ठीक समझे, अनुपालन करने के लिए रजामन्द है या उसने उसका अनुपालन कर दिया है तो वह लिखित आदेश द्वारा निदेश दे सकती है कि क्रमश: धारा 4 या धारा 5 में निर्दिष्ट कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के संबंध में स्वामी का अधिकार, हक और हित केन्द्रीय सरकार में निहित बने रहने के बजाय, सरकारी कंपनी में, या तो निदेश के प्रकाशन की तारीख को या उससे पहले की या बाद की ऐसी तारीख को (जो नियत दिन से पहले की तारीख न हो) जिसे निदेश में विनिर्दिष्ट किया जाए, निहित हो जाएगा ।

---

[1] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 2 द्वारा (1-6-1972 से) लोप किया गया ।
[2] 1973 के अधिनियम सं० 41 की धारा 2 द्वारा (1-5-1972 से) अंत:स्थापित ।
[3] 1973 के अधिनियम सं० 41 की धारा 3 द्वारा (1-5-1972 से) पुनर्संख्यांकित ।
[4] 1973 के अधिनियम सं० 41 की धारा 3 द्वारा (1-5-1972 से) अंत:स्थापित ।
[5] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 3 द्वारा (1-5-1972 से) प्रतिस्थापित ।
[6] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 3 द्वारा (1-5-1972 से) लोप किया गया ।

(2) जहां किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के संबंध में किसी स्वामी के अधिकार, हक और हित उपधारा (1) के अधीन सरकारी कंपनी में निहित हो जाते हैं वहां वह सरकारी कंपनी ऐसे निहित होने की तारीख से—

(क) ऐसी कोककारी कोयला खान के सम्बन्ध में पट्टेदार समझी जाएगी मानो ऐसी कोककारी कोयला खान के संबंध में खनन पट्टा, खनिज रियायत नियमों के अधीन सरकारी कंपनी को दिया गया था और ऐसे पट्टे की अवधि वह सम्पूर्ण अवधि होगी जिसके लिए ऐसा पट्टा उन नियमों के अधीन दिया जा सकता था ;

(ख) कोक भट्टी संयंत्र की स्वामी समझी जाएगी,

और ऐसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के संबंध में केन्द्रीय सरकार के सभी अधिकार और दायित्व ऐसे निहित होने की तारीख से क्रमश: उस सरकारी कम्पनी के अधिकार और दायित्व समझे जाएंगे ।

(3) धारा 6 की उपधारा (2) के उपबन्ध ऐसे पट्टे को, जो सरकारी कंपनी में निहित हो जाता है उसी प्रकार लागू होंगे जैसे वे केन्द्रीय सरकार में निहित पट्टे को लागू होते हैं और उसमें केन्द्रीय सरकार के प्रति निर्देश का यह अर्थ लगाया जाएगा कि वह उस सरकारी कंपनी के प्रति निर्देश है ।

8. केन्द्रीय सरकार में निहित सम्पत्ति का बन्धक, आदि से मुक्त होना—(1) वह सभी सम्पत्ति जो इस अध्याय के अधीन केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी में निहित होती है, ऐसे निहित होने के आधार पर, किसी न्यास, बाध्यता, बन्धक, भार, धारणाधिकार और उसको प्रभावित करने वाले अन्य सभी विल्लंगमों से मुक्त और उन्मोचित हो जाएगी और ऐसी सम्पत्ति के उपयोग को किसी भी रीति से निर्बन्धित करने वाली किसी न्यायालय की कुर्की, व्यादेश या डिक्री या आदेश वापस ले लिया गया समझा जाएगा ।

(2) किसी ऐसी सम्पत्ति का जो केन्द्रीय सरकार या किसी सरकारी कंपनी में इस अधिनियम के अधीन निहित हो गई है, प्रत्येक बन्धकदार और किसी ऐसी संपत्ति में या उसके सम्बन्ध में कोई भार, धारणाधिकार या अन्य हित धारण करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, उतने समय के अन्दर और ऐसी रीति से जो विहित की जाए, ऐसे बन्धक, भार, धारणाधिकार या अन्य हित की सूचना आयुक्त को देगा ।

(3) शंकाओं को दूर करने के लिए इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट किसी संपत्ति का बन्धकदार या ऐसी सम्पत्ति में या उसके संबंध में कोई भार, धारणाधिकार या अन्य हित धारण करने वाला अन्य व्यक्ति, यथास्थिति, प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में ऐसी सम्पत्ति के संबंध में विनिर्दिष्ट रकम में से बन्धक धन या अन्य शोध्य रकम के, पूर्णत: या भागत:, संदाय के लिए दावा करने का हकदार होगा किन्तु ऐसा कोई बन्धक, भार या धारणाधिकार या अन्य हित केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी की किसी ऐसी सम्पत्ति के विरुद्ध प्रवर्तनीय न होगा ।

9. केन्द्रीय सरकार का पहले के दायित्वों के लिए जिम्मेदार न होना—(1) किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी, अभिकर्ता, प्रबन्धक या प्रबन्धकारी ठेकेदार का नियत दिन से पहले की किसी अवधि के संबंध में प्रत्येक दायित्व, यथास्थिति, ऐसे स्वामी, अभिकर्ता, प्रबन्धक या प्रबन्धकारी ठेकेदार का दायित्व होगा और उसके विरुद्ध प्रवर्तनीय होगा न कि केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी के विरुद्ध ।

(2) शंकाओं को दूर करने के लिए इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि—

(क) इस अधिनियम में अन्यत्र जैसा उपबन्धित है उसके सिवाय, किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के संबंध में नियत दिन के पहले की किसी अवधि की बाबत मजदूरी, बोनस, स्वामित्व, रेट, भाटक, कर, भविष्य-निधि, पेन्शन, उपदान या किसी अन्य शोध्य राशि के लिए कोई दावा केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी के विरुद्ध प्रवर्तनीय न होगा ;

(ख) किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के संबंध में नियत दिन के पश्चात् किन्तु किसी ऐसे मामले, दावे या विवाद में, जो उस दिन से पहले पैदा हुआ हो, पारित किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकरण का अधिनिर्णय, डिक्री या आदेश केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी के विरुद्ध प्रवर्तनीय न होगा ;

(ग) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के उपबंध के नियत दिन के पहले किए गए उल्लंघन के लिए कोई दायित्व केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी के विरुद्ध प्रवर्तनीय न होगा ।

अध्याय 3

रकम का संदाय

10. कोककारी कोयला खानों के स्वामियों को रकम का संदाय—[1][(1)] प्रथम अनुसूची के द्वितीय स्तम्भ में विनिर्दिष्ट प्रत्येक कोककारी कोयला खान या कोककारी कोयला खान के समूह के स्वामी को केन्द्रीय सरकार द्वारा, ऐसी कोककारी कोयला खान या कोककारी कोयला खान के समूह के संबंध में स्वामी के अधिकार, हक और हित धारा 4 के अधीन उसमें निहित होने के लिए, उक्त

[1] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 4 द्वारा (1-5-1972 से) पुनर्संख्यांकित ।

अनुसूची के पांचवें स्तम्भ में तत्स्थानी प्रविष्टि में उसके सामने विनिर्दिष्ट रकम के बराबर रकम, नकद रूप में और धारा 21 में विनिर्दिष्ट रीति से, दी जाएगी ।

[1][(2) शंकाओं को दूर करने के लिए यह घोषित किया जाता है कि प्रथम अनुसूची के दूसरे स्तंभ में विनिर्दिष्ट किसी कोककारी कोयला खान या कोककरी कोयला खानों के समूह के सामने उक्त अनुसूची के पांचवें स्तंभ में विनिर्दिष्ट और उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा उसके स्वामी को दी जाने के लिए अपेक्षित रकम में वह रकम सम्मिलित समझी जाएगी, और सदैव से सम्मिलित समझी जाएगी, जिसका नियत दिन के ठीक पूर्व की तारीख को धारा 3 के खंड (ञ) में निर्दिष्ट स्टाक में के सब कोयला या अन्य आस्तियों की बाबत ऐसे स्वामी को संदाय किए जाने के लिए अपेक्षित है और ऐसे कोयला या अन्य आस्तियों की बाबत स्वामी को कोई अतिरिक्त रकम संदेय नहीं होगी ।]

11. कोक भट्टी के संयंत्र के स्वामियों को रकम का संदाय—[2][(1)] द्वितीय अनुसूची के द्वितीय स्तम्भ में विनिर्दिष्ट प्रत्येक कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को, केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे कोक भट्टी संयंत्र के संबंध में स्वामी के अधिकार, हक और हित धारा 5 के अधीन उसमें निहित होने के लिए उक्त अनुसूची के पांचवें स्तम्भ में तत्स्थानी प्रविष्टि में उसके सामने विनिर्दिष्ट रकम के बराबर रकम, नकद रूप में और धारा 21 में विनिर्दिष्ट रीति से, दी जाएगी ।

[3][(2) शंकाओं को दूर करने के लिए यह घोषित किया जाता है कि द्वितीय अनुसूची के दूसरे स्तंभ में विनिर्दिष्ट किसी कोक भट्टी संयंत्र के सामने उक्त अनुसूची के पांचवें स्तंभ में विनिर्दिष्ट और उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा उसके स्वामी को दी जाने के लिए अपेक्षित रकम में वह रकम सम्मिलित समझी जाएगी, और सदैव से सम्मिलित समझी जाएगी, जिसका नियत दिन के ठीक पूर्व की तारीख को धारा 3 के खंड (ख) में निर्दिष्ट स्टाक में के सब कोयला या अन्य आस्तियों की बाबत ऐसे स्वामी को संदाय किए जाने के लिए अपेक्षित है और ऐसे कोक या अन्य आस्तियों की बाबत स्वामी को कोई अतिरिक्त रकम संदेय नहीं होगी ।]

12. अतिरिक्त रकम का संदाय—(1) धारा 4 और धारा 5 के उपबन्धों के भूतलक्षी प्रवर्तन को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय सरकार द्वारा, प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्येक कोककारी कोयला खान के स्वामी को या द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्येक कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को उस रकम के बराबर रकम नकद रूप में दी जाएगी जो रकम, यथास्थिति, उक्त धारा 4 और धारा 5 के उपबन्ध यदि न होते तो 1 मई, 1972 को प्रारम्भ होने वाली और अनुमति की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए कोककारी कोयला खान (आपात उपबन्ध) अधिनियम, 1971 (1971 का 64) के अधीन ऐसे स्वामी को संदेय होती ।

(2) उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट रकम के अतिरिक्त, प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्येक कोककारी कोयला खान के स्वामी को और द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्येक कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को केन्द्रीय सरकार द्वारा, यथास्थिति, प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची के पांचवें स्तम्भ में तत्स्थानी प्रविष्टि में ऐसे स्वामी के सामने विनिर्दिष्ट रकम पर चार प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज, अनुमति की तारीख को प्रारम्भ होने वाली और आयुक्त को ऐसी रकम का संदाय किए जाने की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए, नकद रूप में दिया जाएगा ।

(3) उपधारा (1) और उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट रकम, यथास्थिति, प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट रकम के अतिरिक्त होगी ।

12क. कर्मकारों को देय राशियों का रकम में से संदाय किया जाना—(1) ऐसी रकम में से जो—

(क) धारा 10 और धारा 12 के अधीन प्रत्येक कोककारी कोयला खान या कोककारी कोयला खानों के समूह के स्वामी को ;

(ख) धारा 11 और धारा 12 के अधीन प्रत्येक कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को,

संदेय है, ऐसे स्वामी द्वारा नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को,—

(i) ऐसे कर्मचारी के कल्याण के लिए स्थापित भविष्य निधि, पेंशन निधि, उपदान निधि या किसी अन्य निधि के संबंध में ; और

(ii) मजदूरी के रूप में,

ऐसे कर्मचारी को, नियत दिन को, देय बकाया की रकम के बराबर राशि का संदाय किया जाएगा ।

(2) प्रत्येक कर्मचारी जिसे उपधारा (1) में निर्दिष्ट सभी बकाया या उसका कोई भाग देय हो, कोककारी तथा गैर-कोककारी कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) संशोधन अधिनियम, 1973 (1973 का 41) के प्रारम्भ के पश्चात्, आयुक्त को ऐसे समय के भीतर, जो आयुक्त नियत करे, अपने दावे का सबूत फाइल करेगा ।

(3) धारा 23 के उपबंध, जहां तक हो सके, उपधारा (2) में निर्दिष्ट सबूतों को फाइल करने, उन्हें ग्रहण करने या अस्वीकार करने के संबंध में लागू होंगे ।

---

[1] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 4 द्वारा (1-5-1972 से) अंत:स्थापित ।

[2] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 5 द्वारा (1-5-1972 से) पुन:संख्यांकित ।

[3] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 5 द्वारा (1-5-1972 से) अंत:स्थापित ।

(4) आयुक्त, उपधारा (2) के अधीन दिए गए दावों को ग्रहण करने या उन्हें अस्वीकार करने के पश्चात्, उपधारा (1) में निर्दिष्ट बकाया की कुल रकम का अवधारण करेगा और ऐसे अवधारण के पश्चात् धारा 21 के अधीन उसे दी गई रकम में से, प्रथमत: ऐसे बकाया की कुल रकम के बराबर रकम काट लेगा ।

(5) आयुक्त द्वारा उपधारा (4) के अधीन काटी गई सभी धनराशियां ऐसे नियमों के अनुसार, जो इस अधिनियम के अधीन बनाए जाएं, आयुक्त द्वारा सुसंगत निधि में जमा की जाएंगी अथवा ऐसे व्यक्तियों को दे दी जाएंगी जिन्हें ऐसी धनराशियां देय हैं और इस प्रकार जमा किए जाने अथवा दे दिए जाने पर, यथापूर्वोक्त देय बकाया की रकमों के संबंध में, यथास्थिति, कोककारी कोयला खान या कोककारी कोयला खानों के समूह या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी के दायित्व का निर्मोचन हो जाएगा ।

(6) आयुक्त द्वारा उपधारा (4) के अधीन की गई कटौतियों को अन्य सभी ऋणों पर पूर्विकता दी जाएगी चाहे वे प्रतिभूत हों या अप्रतिभूत ।

(7) पूर्वगामी उपधाराओं में जैसा उपबंधित है उसके सिवाय, यथास्थिति, किसी कोककारी कोयला खान या कोककारी कोयला खानों के समूह या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी द्वारा देय प्रत्येक प्रतिभूत ऋण को अन्य सभी ऋणों पर पूर्विकता दी जाएगी और वे प्रतिभूत लेनदारों के अधिकारों के हितों के अनुसार दिए जाएंगे ।

13. नियत दिन के पश्चात् कोककारी कोयला खान और कोक भट्टी संयंत्र के स्वामियों द्वारा प्राप्त आय का केन्द्रीय सरकार को प्रतिदाय—(1) जहां किसी न्यायालय द्वारा दी गई किसी डिक्री, आदेश या व्यादेश के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार या कोककारी कोयला खान (आपात उपबन्ध) अधिनियम, 1971 (1971 का 64) के अधीन नियुक्त अभिरक्षक, किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का प्रबन्ध ग्रहण करने से निवारित कर दिया गया था वहां ऐसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का स्वामी, अनुमति की तारीख से साठ दिन के भीतर, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी को, नियत दिन को प्रारम्भ होने वाली और अनुमति की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के संबंध में निम्नलिखित की बाबत लेखे देगा, अर्थात् :—

(क) उक्त अवधि के दौरान कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र की आस्तियां या भंडार जो उसने अर्जित किए हैं या जिनका उसने विक्रय किया है ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विक्रय किया गया या भेजा गया कोयला या कोक ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र से उसके द्वारा प्राप्त आय ।

(2) यदि उपधारा (1) में निर्दिष्ट लेखाओं की परीक्षा करने पर उस उपधारा में निर्दिष्ट अवधि के दौरान कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र से स्वामी को कोई आय प्राप्त हुई पाई जाती है तो ऐसी आय, यथास्थिति, प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में ऐसे स्वामी के नाम के सामने विनिर्दिष्ट रकम में से मुजरा की जाएगी और ऐसी रकम का अतिशेष उसे संदत्त किया जाएगा ।

(3) यदि कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी द्वारा उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई लेखा नहीं दिया जाता है या केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी के पास यह विश्वास करने का कारण है कि स्वामी द्वारा दिए गए लेखे की तात्त्विक विशिष्टियां गलत या मिथ्या हैं तो केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी मामले को आयुक्त को निर्दिष्ट कर सकती है और तब आयुक्त उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र से उपधारा (1) में निर्दिष्ट अवधि के दौरान स्वामी द्वारा प्राप्त आय का अवधारण करेगा और ऐसी आय को, यथास्थिति, प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में ऐसे स्वामी के नाम के सामने विनिर्दिष्ट रकम में से मुजरा करेगा और ऐसे स्वामी को अतिशेष का संदाय करेगा ।

अध्याय 4

कोककारी कोयला खानों और कोक भट्टी संयंत्रों का प्रबन्ध, आदि

14. कोककारी कोयला खानों और कोक भट्टी संयंत्रों का प्रबन्ध, आदि—(1) जिस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के सम्बन्ध में किसी स्वामी के अधिकार, हक और हित, यथास्थिति, धारा 4 या धारा 5 के अधीन केन्द्रीय सरकार में निहित हो गए हैं, उसके कार्यकलाप और कारबार का साधारण अधीक्षण, निदेशन, नियंत्रण और प्रबन्ध,—

(क) ऐसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र की दशा में, जिसके सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन निदेश दिया गया है, उस निदेश में विनिर्दिष्ट सरकारी कम्पनी में निहित होगा ; या

(ख) ऐसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र की दशा में, जिसके सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसा कोई निदेश नहीं दिया गया है, उपधारा (2) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त एक या अधिक अभिरक्षकों में निहित होगा,

और तब, यथास्थिति, इस प्रकार विनिर्दिष्ट सरकारी कम्पनी या इस प्रकार नियुक्त अभिरक्षक ऐसी सभी शक्तियों का प्रयोग करने का और ऐसी सभी बातें करने का हकदार होगा जिन शक्तियों का प्रयोग करने और जिन बातों को करने के लिए कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का स्वामी प्राधिकृत है ।

(2) केन्द्रीय सरकार किसी व्यक्ति या सरकारी कम्पनी को ऐसी किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का अभिरक्षक नियुक्त कर सकती है जिसके बारे में धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन उसके द्वारा कोई निदेश नहीं दिया गया है ।

15. कोककारी कोयला खानों या कोक भट्टी संयंत्रों के प्रबन्ध के भारसाधक व्यक्तियों का सभी आस्तियों, आदि का परिदान करने का कर्तव्य—(1) किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के प्रबन्ध के किसी सरकारी कम्पनी में निहित होने पर या अभिरक्षक की नियुक्ति हो जाने पर, ऐसे निहित होने या नियुक्ति के ठीक पहले ऐसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के प्रबंध के भारसाधक सभी व्यक्ति, यथास्थिति, सरकारी कम्पनी या अभिरक्षक को कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र से सम्बन्धित सभी आस्तियां, लेखा-बहियां, रजिस्टर या अन्य दस्तावेजें जो उनकी अभिरक्षा में हैं, परिदत्त करने के लिए आबद्ध होंगे और उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के प्रबन्ध की व्यवस्था करने वाली कोई संविदा चाहे वह अभिव्यक्त हो या विवक्षित, जो ऐसे व्यक्तियों और कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामियों के बीच नियत दिन के पहले की गई थी उस तारीख को समाप्त हो गई समझी जाएगी जिसको कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का प्रबन्ध सरकारी कम्पनी में या इस प्रकार नियुक्त अभिरक्षक में निहित होता है ।

(2) केन्द्रीय सरकार, सरकारी कम्पनी या अभिरक्षक को उसकी शक्तियों और कर्तव्यों के बारे में ऐसे निदेश दे सकती है जो वह मामले की परिस्थितियों में वांछनीय समझे और सरकारी कम्पनी या अभिरक्षक भी, यदि वह चाहे तो, किसी भी समय उस रीति के बारे में जिससे कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का प्रबन्ध उसके द्वारा संचालित किया जाएगा या किसी ऐसे मामले के बारे में जो ऐसे प्रबन्ध के दौरान उद्भूत हो, केन्द्रीय सरकार को अनुदेशों के लिए आवेदन कर सकता है ।

(3) अभिरक्षक, यथास्थिति, उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र की निधियों में से जिसके संबंध में वह अभिरक्षक है, उतना पारिश्रमिक प्राप्त करेगा जितना केन्द्रीय सरकार नियत करे और केन्द्रीय सरकार के प्रसादपर्यन्त पद धारण करेगा ।

16. लेखे और संपरीक्षा—प्रत्येक कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का अभिरक्षक ऐसी खान या संयंत्र के लेखे ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अधीन रखेगा जो विहित की जाएं ।

अध्याय 5

कोयला खानों और कोक भट्टी संयंत्रों के कर्मचारियों के बारे में उपबंध

[1][**17. किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के अधिकारी या अन्य कर्मचारी का किसी अन्य कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र को अंतरण के लिए दायित्व**—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र में नियोजित किसी अधिकारी या अन्य कर्मचारी की सेवाएं किसी अन्य कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र को अंतरित की जा सकेंगी और ऐसे अंतरण से ऐसा अधिकारी या अन्य कर्मचारी, इस अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा और ऐसा कोई दावा किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकरण द्वारा ग्रहण नहीं किया जाएगा ।]

18. भविष्य निधि—(1) जहां किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र ने अपने कर्मचारियों के फायदे के लिए कोई भविष्य निधि स्थापित की है वहां ऐसी भविष्य निधि के खाते में नियत दिन को जमा धनराशियों में से उन कर्मचारियों से, जिनकी सेवाएं इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी को अन्तरित हो गई हैं, सम्बन्धित धनराशियां, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी को अन्तरित और उसमें निहित हो जाएंगी ।

(2) उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार या किसी सरकारी कम्पनी को अन्तरित हो जाने वाली धनराशियों के सम्बन्ध में, यथास्थिति, उस सरकार या कम्पनी द्वारा ऐसी रीति से कार्रवाई की जाएगी जो विहित की जाए ।

19. अधिवार्षिकी, कल्याण और अन्य निधियां—जहां उन कर्मचारियों के, जिनकी सेवाएं केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी को अन्तरित हो गई हैं, फायदे के लिए कोई अधिवार्षिकी, कल्याण या अन्य निधि स्थापित की गई है वहां वह कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र जिसके द्वारा ऐसे कर्मचारी नियोजित थे, ऐसे प्रत्येक कर्मचारी को देय रकम का ऐसे वितरण करेगा मानो उस कर्मचारी ने विनिर्दिष्ट तारीख के ठीक पहले दिन अधिवर्षिता प्राप्त कर ली है या कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र में उसकी सेवाएं समाप्त हो गई हैं ।

अध्याय 6

संदाय आयुक्त

20. संदाय आयुक्त का नियुक्त किया जाना—(1) प्रत्येक कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को संदेय रकमों के संवितरण के प्रयोजन के लिए, केन्द्रीय सरकार ऐसे व्यक्ति को संदाय आयुक्त नियुक्त करेगी जिसे वह ठीक समझे ।

[2][(2) केन्द्रीय सरकार आयुक्त की सहायता के लिए ऐसे अन्य व्यक्तियों को नियुक्त कर सकती है जिन्हें वह ठीक समझे और तब आयुक्त ऐसे व्यक्तियों में से एक या अधिक को इस अधिनियम के अधीन अपने द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी या किन्हीं शक्तियों का भी प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है और भिन्न-भिन्न शक्तियों का प्रयोग करने के लिए भिन्न-भिन्न व्यक्तियों को प्राधिकृत किया जा सकता है ।

---

[1] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 6 द्वारा (1-5-1972 से) प्रतिस्थापित ।

[2] 1978 के अधिनियम सं० 22 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित ।

(2क) किन्हीं शक्तियों का प्रयोग करने के लिए आयुक्त द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति उन शक्तियों का प्रयोग उसी रीति से और उसी प्रभाव के साथ कर सकता है मानो वे शक्तियां उस व्यक्ति को इस अधिनियम द्वारा प्रत्यक्षत: प्रदत्त हैं, न कि प्राधिकरण के रूप में ।]

(3) इस धारा के अधीन नियुक्त आयुक्त और अन्य व्यक्तियों के वेतन और भत्ते भारत की संचित निधि में से चुकाए जाएंगे ।

21. केन्द्रीय सरकार द्वारा आयुक्त को संदाय—(1) केन्द्रीय सरकार, आयुक्त को, कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को संदाय करने के लिए प्रथम अनुसूची या द्वितीय अनुसूची में, यथास्थिति, उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के सामने विनिर्दिष्ट राशि के बराबर राशि, धारा 12 में निर्दिष्ट रकम और ब्याज सहित, यदि कोई हो, विनिर्दिष्ट तारीख से तीस दिन के भीतर नकद रूप में देगी ।

(2) केन्द्रीय सरकार, उपधारा (1) में निर्दिष्ट राशि के अतिरिक्त, आयुक्त को, ऐसी रकम का नकद रूप में संदाय करेगी जो किसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को उस अवधि के सम्बन्ध में देय हो जाए जिसके दौरान कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का प्रबन्ध केन्द्रीय सरकार में निहित रहा है [1][और ऐसी रकम पर 1 अप्रैल, 1973 को प्रारम्भ होने वाली और आयुक्त को ऐसी रकम के संदाय की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए चार प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज का संदाय करेगी ।]

(3) आयुक्त प्रत्येक कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र की बाबत किसी अनुसूचित बैंक में एक खाता खोलेगा और चलाएगा ।

(4) आयुक्त को संदत्त प्रत्येक रकम उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयन्त्र के जिसके सम्बन्ध में संदाय किया गया है, उपधारा (3) में निर्दिष्ट खाते में जमा की जाएगी ।

(5) उपधारा (3) में निर्दिष्ट खाते में जमा रकम पर उद्भूत होने वाला ब्याज, यथास्थिति, कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी के फायदे के लिए होगा [1][और उपधारा (1) में निर्दिष्ट धनराशि के अतिरिक्त, आयुक्त को भी संदेय होगा ।]

(6) इस धारा में कोककारी कोयला खान के स्वामी के प्रति निर्देशों का अर्थ, प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट कोककारी कोयला खानों के समूह के सम्बन्ध में, ऐसे लगाया जाएगा मानो वे कोककारी कोयला खान के उस समूह के स्वामी के प्रति निर्देश हों ।

22. केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रबन्ध की अवधि से संबंधित लेखाओं के विवरण, आदि—(1) केन्द्रीय सरकार या, यथास्थिति, सरकारी कम्पनी प्रत्येक ऐसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र से, जिसका प्रबन्ध कोककारी कोयला खान (आपात उपबन्ध) अधिनियम, 1971 (1971 का 64) के अधीन उसमें निहित है, संबंधित बहियों को जैसी कि वे 30 अप्रैल, 1972 को थीं बन्द और सन्तुलित कराएगी और लेखाओं का जैसे कि वे उस दिन थे, विवरण ऐसी प्रत्येक खान या संयंत्र के सम्बन्ध में उन संव्यवहारों की बाबत जो उसने उस अवधि के दौरान किए थे जब ऐसी कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का प्रबन्ध उसमें निहित बना रहा उतने समय के अन्दर और ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से तैयार कराएगी जो विहित की जाए :

परन्तु जहां दो या अधिक कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र, इस अधिनियम के प्रारम्भ के पहले, एक ही स्वामी के स्वामित्व मे थे, वहां ऐसे स्वामी के स्वामित्व में की सभी कोककारी कोयला खानों या कोक भट्टी संयंत्रों के लिए लेखाओं का एक ही समेकित विवरण तैयार किया जा सकता है ।

(2) ऐसे लेखाओं के बन्द किए जाने के पश्चात् केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी द्वारा प्राप्त सभी रकमें उस दशा में जिसमें ऐसी रकमें नियत दिन के पहले किए गए संव्यवहारों से सम्बन्धित हैं, उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र से, जिसकी बाबत उक्त प्राप्ति हुई है, संबंधित लेखाओं के उक्त विवरण में सम्मिलित की जाएंगी ।

(3) केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी जिसमें उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र का अधिकार, हक और हित निहित हो गया है, यथास्थिति, उस कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र को देय धन जो नियत दिन के पश्चात् वसूल किया गया है, अन्य सभी व्यक्तियों को अपवर्जित करते हुए, इस बात के होते हुए भी कि वसूलियां नियत दिन के पूर्ववर्ती अवधि से सम्बन्धित हैं, विनिर्दिष्ट तारीख तक प्राप्त करने की हकदार होगी :

परन्तु जहां ऐसी वसूलियां लेखाओं के जैसे कि वे 30 अप्रैल, 1972 को थे, विवरण में सम्मिलित नहीं की गई हैं, वहां केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी द्वारा ऐसे अन्तरालों पर जो विहित किए जाएं, लेखाओं का एक अनुपूरक विवरण तैयार किया जाएगा और, यथास्थिति, कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी को दिया जाएगा ।

[2][(4) कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के दायित्व (जो केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी द्वारा दिए गए अग्रिम धन से उत्पन्न होने वाले दायित्व नहीं हैं), जिन्हें नियत दिन तक चुकाया नहीं जा सका है, विनिर्दिष्ट तारीख तक केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी द्वारा नियत दिन के पूर्व या उसके पश्चात् किए गए आपनों में से या विनिर्दिष्ट तारीख तक दिए गए अग्रिम धन या

[1] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 7 द्वारा (1-5-1972 से) अंत:स्थापित ।

[2] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 8 द्वारा (1-5-1972 से) प्रतिस्थापित ।

उधारों में से चुकाए जा सकेंगे और इस प्रकार किया गया प्रत्येक संदाय लेखाओं के, जैसे वे नियत दिन के ठीक पूर्व की तारीख को थे, विवरण में सम्मिलित किया जाएगा और उसमें वह अवधि उपदर्शित की जाएगी जिसके संबंध में संदाय किए गए थे और इस प्रकार किए गए संदाय किसी न्यायालय में प्रश्नगत नहीं किए जाएंगे :

परन्तु नियत दिन से पहले की अवधि के संबंध में वे दायित्व जो विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके पहले नहीं चुकाए गए हैं, यथास्थिति, कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी के दायित्व होंगे ।]

(5) इस धारा के अधीन तैयार किए गए लेखाओं के प्रत्येक विवरण की एक प्रति, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी द्वारा आयुक्त को और स्वामी को भी दी जाएगी :

परन्तु जहां स्वामियों की संख्या एक से अधिक है वहां लेखाओं के विवरण की केवल एक प्रति सभी स्वामियों के फायदे के लिए उनको दी जाएगी ।

(6) इस धारा के अधीन तैयार किए गए लेखाओं के विवरण की ऐसे व्यक्ति द्वारा संपरीक्षा की जाएगी जो कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 226 के अधीन किसी कम्पनी का संपरीक्षक नियुक्त किए जाने के लिए अर्हित है, और इस प्रकार नियुक्त संपरीक्षक, यथास्थिति, कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र की निधियों में से उतना पारिश्रमिक प्राप्त करेगा जितना केन्द्रीय सरकार नियत करे ।

(7) लेखाओं के विवरण की संपरीक्षा ऐसी रीति से की जाएगी जैसी केन्द्रीय सरकार निदिष्ट करे ।

[1][(8) उपधारा (6) के अधीन संपरीक्षित लेखाओं का विवरण, जब तक कि तत्प्रतिकूल साबित न कर दिया जाए, उसमें प्रविष्ट प्रत्येक विषय की बाबत निश्चायक सबूत होगा ।

स्पष्टीकरण—इस धारा के प्रयोजनों के लिए, "लेखाओं का विवरण" से प्राप्तियों और संदायों के रूप में कोई विवरण अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत ऐसा कोई विवरण, जो लाभ और हानि लेखा तथा तुलनपत्र तैयार किए जाने के लिए बहियों के बन्द और संतुलित किए जाने के परिणामस्वरूप तैयार किया जाए या ऐसा कोई विवरण नहीं है, जो सामान्य वाणिज्यिक पद्धति के अनुसार तैयार किया जाता है ।]

[2][**22क. कतिपय संग्रहणों का विधिमान्यकरण**—(1) कोयला खान राष्ट्रीयकरण विधि (संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 2 द्वारा यथासंशोधित धारा 3 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, नियत दिन को प्रारम्भ होने वाली और धारा 22 की उपधारा (3) के अधीन विनिर्दिष्ट तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी द्वारा संग्रह किया गया कोई धन, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार या सरकारी कंपनी द्वारा विधिमान्य रूप से संग्रह किया गया समझा जाएगा और ऐसे धन का उपयोजन धारा 22 के उपबन्धों के अनुसार किया जाएगा ।

(2) उपर्युक्त रूप से संग्रह किया गया कोई धन किसी न्यायालय में प्रश्नगत नहीं किया जाएगा ।]

23. आयुक्त के समक्ष दावों का किया जाना—(1) प्रत्येक व्यक्ति जिसका कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी के विरुद्ध कोई दावा हो, ऐसा दावा विनिर्दिष्ट तारीख से तीस दिन के भीतर आयुक्त के समक्ष करेगा :

परन्तु यदि आयुक्त का यह समाधान हो जाता है कि दावेदार पर्याप्त कारण से तीस दिन की उक्त अवधि के भीतर दावा करने से निवारित हो गया था तो वह, तीस दिन की उक्त अवधि के समाप्त हो जाने पर, तीस दिन की अतिरिक्त अवधि के भीतर दावा ग्रहण कर सकता है, किन्तु इसके पश्चात् नहीं ।

[3][(1क) उपधारा (1) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, किसी कोककारी कोयला खान या कोककारी कोयला खानों के समूह या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी द्वारा नियोजित व्यक्तियों के कल्याण के लिए स्थापित किसी भविष्य निधि, पेंशन निधि, उपदान निधि या किसी अन्य निधि के सम्बन्ध में दावे, इस प्रकार नियोजित व्यक्तियों की ओर से कोयला खान भविष्य निधि, कुटुम्ब पेंशन और बोनस स्कीम अधिनियम, 1948 (1948 का 46) की धारा 3ग के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त कोयला खान भविष्य निधि आयुक्त द्वारा फाइल किए जा सकते हैं, और किसी अन्य विषय के सम्बन्ध में दावे इस प्रकार नियोजित सभी व्यक्तियों द्वारा या उनमें से किसी के द्वारा या ऐसे व्यक्तियों के समूह की ओर से, व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 (1926 का 16) के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी व्यवसाय संघ द्वारा या, जहां कोई ऐसा दावा किसी व्यवसाय संघ द्वारा फाइल नहीं किया गया है वहां केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) द्वारा या उसके अधीनस्थ किसी प्राधिकारी द्वारा फाइल किए जा सकते हैं और इस प्रकार किए गए दावों के बारे में यह समझा जाएगा कि वे ऐसे व्यक्तियों द्वारा किए गए हैं जो, यथास्थिति, किसी कोककारी कोयला खान या कोककारी कोयला खानों के समूह या कोक भट्टी संयंत्र के स्वामी के विरुद्ध, दावा रखते हैं :]

[4][परन्तु कोयला खान भविष्य निधि आयुक्त या व्यवसाय संघ या मुख्य श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) या उसका अधीनस्थ कोई अधिकारी किसी ऐसे व्यक्ति के सम्बन्ध में कोई दावा नहीं करेगा जिसने पहले ही उपधारा (1) के अधीन दावा कर दिया है ।]

---

[1] 1986 के अधिनियम सं० 57 की धारा 8 द्वारा अंत:स्थापित ।

[2] 1978 के अधिनियम सं० 22 की धारा 4 द्वारा अंत:स्थापित ।

[3] 1978 के अधिनियम सं० 22 की धारा 5 (क) (i) द्वारा (1-5-1972 से) प्रतिस्थापित ।

[4] 1978 के अधिनियम सं० 22 की धारा 5 (क) (ii) द्वारा (1-5-1972 से) प्रतिस्थापित ।

[1][(1कक) जहां कोई ऐसा दावा, जो 17 अक्तूबर, 1971 को कालवर्जित दावा नहीं था, उपधारा (1) के अधीन उसके लिए विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किया गया था और केवल इस आधार पर नामंजूर कर दिया गया था कि ऐसा दावा कालवर्जित था, वहां ऐसा दावा नामंजूर किया गया नहीं समझा जाएगा और आयुक्त अपनी फाइल पर ऐसे दावे को प्रत्यावर्तित करेगा और उसका इस धारा में विनिर्दिष्ट रीति से निपटारा करेगा ।]

(2) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी यह है कि अन्य सभी अप्रतिभूत ऋणों पर, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या कोककारी कोयला खान (आपात उपबन्ध) अधिनियम, 1971 (1971 का 64) के अधीन नियुक्त अभिरक्षक द्वारा, यथास्थिति, कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के प्रबन्ध के लिए दी गई अग्रिम रकमें नहीं हैं, पूर्विकता देते हुए निम्नलिखित का संदाय किया जाएगा, अर्थात् :—

(क) किसी कर्मचारी द्वारा, यथास्थिति, कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के लिए की गई सेवाओं की बाबत सभी मजदूरियां या वेतन (जिसके अन्तर्गत कालानुपाती या मात्रानुपाती काम के लिए संदेय मजदूरी और पूर्णत: या भागत: कमीशन के रूप में अर्जित वेतन भी हैं) और औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) के अध्याय 5क के उपबन्धों के अधीन किसी कर्मकार को संदेय प्रतिकर ;

(ख) * * * * *

(ग) कोककारी कोयला खान या कोक भट्टी संयंत्र के किसी कर्मचारी की मृत्यु या नि:शक्तता की बाबत कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 (1923 का 8) के अधीन किसी प्रतिकर या प्रतिकर के लिए दायित्व की बाबत देय सभी रकमें जब तक कि ऐसी खान या संयंत्र को बीमाकर्ताओं से उक्त अधिनियम की धारा 15 में यथा उल्लिखित किसी संविदा के अधीन कर्मकार को अन्तरित और उसमें निहित किए जा सकने वाले अधिकार प्राप्त न हों ;

